तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024

10 शहीदों की वीरता और बलिदान को किया गया ....

11 पुलिस स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर ...

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

# देश और बस्तर के 216 शहीद जवानों को याद कर स्मृति दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

देश की शांति सुरक्षा एवं अखण्डता के लिए सर्वोच्चतम बलिदान दिये पुलिस बल सदस्यों की शहादत को नमन करते हुये पुलिस स्मृति दिवस परेड आयोजित की गई। पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी. ने शहीदों का नाम वाचन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ अधिकारीगण, जनप्रतिनिधियों ने शहीद परिजनों को सम्मानित किया। शहादत को नमन करते हुये प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। आईजी ने 1 सितम्बर 2023 से 31 अगस्त 2024 तक कर्तव्य निर्वहन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुये छत्तीसगढ़ पुलिस के 11 बल सदस्य सहित देश के कुल 216 शहीदों का नाम वाचन किया। शहीद परेड कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप, महापौर सफिरा साहू, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय पाण्डेय, कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरीश एस., पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा एवं वरिष्ठ अधिकारीगण व जनप्रतिनिधियों ने शहीद परिजनों को सम्मानित किया।

## आईजी ने जवानों का नाम लेकर उनकी शहादत को किया नमन

आलाधिकारी समेत सांसद, महापौर और अन्य जनप्रतिनिधि रहे मौजूद




### सुरक्षा के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगे

उल्लेखनीय है कि बस्तर क्षेत्र के शांति सुरक्षा एवं विकास के लिए छत्तीसगढ़ गठन के पश्चात विगत 24 वर्षों में 1302 सुरक्षा बल सदस्यों ने शहादत दी। 1777 ग्रामीणों ने अपनी जान की आहूति दी। आईजी ने बताया कि बस्तर क्षेत्र की शांति सुरक्षा एवं विकास के लिए सर्वोच्चतम बलिदान दिये शहीदों की शहादत से प्रेरणा लेकर बस्तर पुलिस एवं क्षेत्र में थाना, सुरक्षा बल द्वारा क्षेत्रवासियों की जानमाल की रक्षा के लिए समर्पित होकर कार्य करेगा।

## खबर संक्षेप



### निजी अस्पताल में इलाज में लापरवाही बरती गई : लहरे

**जगदलपुर।** सर्व अनुसूचित जाति एवं छत्तीसगढ़ युवा मंच ने संयुक्त पत्रवार्ता में राम पाल यादव की मृत्यु पर एफआईआर पश्चात पोस्टमार्टम रिपोर्ट लगभग दो माह बाद भी प्रस्तुत नहीं करने व मामले में गंभीरता से जांच के लिए तत्काल कार्रवाई व परिजनों को 50 लाख का मुआवजा दिलाने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। संघ के जिला अध्यक्ष विक्रम लहरे एवं युवा मंच के संस्थापक नरेन्द्र भवानी ने कहा कि पूर्व में मृत्यु का विरोध दर्ज कर शहर के निजी अस्पताल के लापरवाही पर आंदोलन कर अस्पताल बंद करवाने एवं परिजनों को मुआवजा की मांग की गई थी। दो माह होने जा रहा है, अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। आयुक्त के नाम ज्ञापन देकर दोषियों पर कार्रवाई कि मांग की गई है। कार्रवाई नहीं होने पर धरना प्रदर्शन किया गया जाएगा।

### अवैध अंग्रेजी शराब जब्त, एक गिरफ्तार



**जगदलपुर।** पुलिस टीम ने गीदम नाका कोल्ड स्टोरेज के पास रोड किनारे आरोपी राजू उर्फ राजकुमार सेठिया 31 वर्ष निवासी ग्राम कलेपाल को पकड़कर उसके कब्जे से सुपर स्ट्रांग बियर 6500 एमएल व गोल्डन गोवा व्हिस्की 3420 एमएल कुल 9 लीटर 920 एमएल कीमत 9 हजार 160 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक दिलबाग सिंह के अलावा प्रधान आरक्षक जोगीलाल बुड़ेक, विरेन्द्र यादव, चंदन सिंह, आरक्षक गोबरूराम कश्यप व महेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नौ साल बाद फुटबाल टूर्नामेंट 7 नवम्बर से




जगदलपुर। लंबे अंतराल के बाद बस्तर संभाग की गोल्ड कप फुटबॉल महाकुंभ का आगाज आगामी 7 नवम्बर से इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी अंतराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। सोमवार को इसकी जानकारी बस्तर जिला फुटबॉल संघ के प्रेसवार्ता में पदाधिकारियों ने दी। बस्तर जिला पत्रकार संघ कार्यालय में जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष राणा घोष,दिलीप दास, यशवर्धन राव,राजेश राव,डॉ केएल आजाद ⏭ शेष पेज 10 पर

## हादसा: बेटी के जन्मदिन की चल रही थी तैयारी पिता ने कर ली खुदकुशी

# तेतरखुटी व हाउसिंग बोर्ड कालोनी में वकील समेत दो ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पारिवारिक परेशानी के चलते शहर के अधिवक्ता व मानसिक रूप से परेशान वाहन चालक ने फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली। दोनों ही मामले की जांच कोतवाली व बोधघाट पुलिस कर रही है। मामले में शव पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

- कोतवाली व बोधघाट थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही मामले की जांच

जानकारी के मुताबिक फांसी लगाने की पहली घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कालोनी की है। घर पर 15 वर्षीया बेटी के जन्मदिन मनाने पूरा परिवार तैयारी कर रहा था। इसी बीच पति व पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद के बाद वकील ऋषि तिवारी 40 वर्ष गुस्से में आकर अपने कमरे में चला गया। इस दौरान पत्नी व मां ने इस पर अधिक ध्यान न देते हुए अपने काम में लगे रहे। रात तक जब दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को शक हुआ। दरवाजे पर दस्तक दी गई। बावजूद कोई जवाब नहीं मिला तो आसपास के लोगों को बुलाकर दरवाजे को तोड़ा गया जहां ऋषि फंदे में लटका हुआ मिला। शव को उतारने के बाद परिजनों ने मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद सिंह ने बताया कि मामले में परिजनों से पूछताछ के बाद मौत का खुलासा हो सकेगा। मौके से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। बहरहाल पुलिस पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच कर रही है।

### कांग्रेस से जुड़ा था अधिवक्ता



शाम को अधिवक्ता ऋषि तिवारी की शवयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेसी और अधिवक्ताओं सहित समाज के लोग शामिल रहे। अधिवक्ता कांग्रेस से जुड़ा था। चुनाव के समय नामांकन भरने एवं अन्य अवसरों पर भी कांग्रेस में उनकी सक्रिय भागीदारी रही।

### पत्नी काम में गई थी पति ने लगा ली फांसी

फांसी लगाने की दूसरी वारदात बोधघाट थाना क्षेत्र के तेतरखुटी का है। यहां रहने वाले युवक ने मानसिक रूप से परेशान होकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया कि घटना के दौरान पत्नी घरेलू काम करने गई हुई थी। इसी दौरान तेतरकूटी निवासी अर्जुन यादव 35 वर्ष ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक अर्जुन ट्रक चालक था पिछले कुछ दिन से वह काम पर नहीं जा रहा था। जमीन बेचने के बाद अपने गांव परापुर में रहने की बात करता था। पत्नी जब वापस आई तो पति को फंदे में लटका देख परिजनों के साथ पुलिस को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए मेकाज भेजा और सोमवार को पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। दोनों मामले में मर्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दो-दो लाख के 2 इनामी सहित 3 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा




जिले में चलाये जा रहे लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 2-2 लाख के 2 ईनामी समेत 3 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। मलांगेर एरिया कमेटी में कार्यरत प्लाटून नम्बर 24 सदस्य आयता उर्फ नंदू माड़वी पिता स्व. सोमडू माड़वी उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी माड़गादम पटेलपारा थाना कटेकल्याण 2 लाख ईनामी, प्लाटून नम्बर 24 सदस्य डीव्हीसी सचिव जगदीश का गार्ड हिड़मा माड़वी पिता स्व. पाण्डू माड़वी लगभग 18 वर्ष निवासी माड़गादम पटेलपारा थाना कटेकल्याण 2 लाख ईनामी एवं ककाड़ी आरपीसी मिलिशिया सदस्य देवा हेमला पिता बुधराम हेमला उम्र लगभग 29 वर्ष निवासी ककाड़ी पटेलपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा ने आत्मसमर्पण की इच्छा जाहिर करते हुये 21 अक्टूबर को समर्पण किया। तीनों नक्सलियों ने पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ राकेश कुमार, पुलिस अधीक्षक गौरव राय समेत अन्य अधिकारियों के समक्ष डीआरजी कार्यालय दंतेवाड़ा में आत्मसमर्पण किये।

- लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर कर दिया समर्पण

### सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी

आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत 25 हजार रुपए की सहायता राशि के साथ शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधायें मुहैया कराई जाएगी। व्यवसायिक प्रशिक्षण और आवास की सुविधायें भी प्रदाय की जाएगी।

## न्योता भोज के आयोजन में लापरवाही, बीईओ को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने सोमवार को बस्तर जिले के बकावंड जनपद पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का जायजा लिए और दस्तावेजों एवं नस्तियों के व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय तथा परिसर की साफ-सफाई पर जोर देते हुए प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को स्वच्छता अभियान नियमित तौर पर चलाए जाने को कहा तथा इसे हरेक माह निरन्तर करने सहित अधिकारियों-कर्मचारियों के आदत में शामिल किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय के पुराने अनुपयोगी फर्नीचर तथा अन्य सामग्रियों का अपलेखन करने के निर्देश दिए। उन्होंने भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत कार्यालय बकावंड में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ⏭ शेष पेज 10 पर

## सबसे बड़े एनकाउंटर के बाद नक्सलियों ने किया विरोध दिवस मनाने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



चार अक्टूबर को प्रदेश के अब तक के सबसे बड़े एनकाउण्टर में 38 नक्सली साथियों के मारे जाने के विरोध में आज व 22 अक्टूबर को देशभर में विरोध दिवस मनाने का एलान करते हुए नक्सलियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ने पर्चा जारी किया है। जारी पर्चे में दो अलग मुठभेड़ में 38 साथियों के मारे जाने का खुलासा किया गया है। दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ने पर्चा जारी कर बताया कि मुठभेड़ में मारी गई उनकी कमांडर नीति बीमार थी। वह हथियार उठाने की स्थिति में भी नहीं थी। इस मुठभेड़ के विरोध में नक्सलियों ने 21 और 22 अक्टूबर को देशभर में विरोध दिवस मनाने का आह्वान किया है। गौरतलब है कि दंतेवाड़ा डीआरजी, नारायणपुर डीआरजी व एसटीएफ की संयुक्त टीम 3 अक्टूबर को थुलथुली नेंदुर क्षेत्र में गश्त पर निकली थी। इसी दौरान नेंदूर-थुलथुली के जंगल में 4 अक्टूबर को सुबह से लेकर रात तक पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें सुरक्षा बलों ने 38 नक्सलियों को मार गिराया। दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ने पर्चा जारी कर स्वीकार किया है कि दो अलग-अलग मुठभेड़ों में कुल 38 नक्सली मारे गए हैं। साथ ही नक्सलियों ने बताया कि वे सुरक्षा जवानों के घेरे में कैसे फंसे उन्होंने पुलिस प्रशासन पर यह आरोप भी लगाया है कि इस मुठभेड़ में स्थानीय आदिवासियों की भी हत्या हुई है।

- 38 साथियों के मारे जाने के विरोध में दो दिन मनाएंगे विरोध दिवस

इस एनकाण्डटर में दंतेवाड़ा व नारायणपुर डीआरजी के अलावा एसटीएफ की संयुक्त टीम 3 अक्टूबर को थुलथुली नेंदुर क्षेत्र में पूर्वी में गश्त पर निकली थी। इसी दौरान नेंदूर-थुलथुली के जंगल में 4 अक्टूबर को सुबह से लेकर रात तक पुलिस-नक्सल मुठभेड़ हुई, जिसमें 38 नक्सलियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था और यह मुठभेड़ इस वर्ष की सबसे बड़ी सफलता मानी जा रही है।

भू-माफिया और तथाकथित समाज के ठेकेदार अवैध कार्य में शामिल

## आदिवासी की मौत के बाद फर्जी नामांतरण कर बनाया फर्जी दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

तहसील जगदलपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत तुसेल में आदिवासी किसान मासे पिता डोरा की भूमि को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हड़पने की कोशिश की गई। मासे पिता डोरा, जो माड़िया जनजाति के थे की 4 एकड़ जमीन खसरा नंबर 104 उनकी मृत्यु के बाद से विवाद का केंद्र बन गई। मासे की मृत्यु 2009 में हुई थी और इसी का फायदा उठाते हुए भूमाफियाओं ने षड्यंत्र रचकर कोंडागांव जिले के चिमड़ी गांव के निवासी भदरू पिता चैतू मुरिया जाति के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार किए। इस घोटाले में सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि भदरू पिता चैतू (पंचायत ने फर्जी बताया




)की भी मृत्यु हो चुकी थी, फिर उनकी पत्नी के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए फौती नामांतरण की प्रक्रिया चलाई गई। तहसील कार्यालय में इस फर्जीवाड़े को अंजाम देने के दौरान दो तहसीलदारों ने एक ही ⏭ शेष पेज 10 पर

- राजस्व अमलों की मिलीभगत की भी आशंका जताई जा रही

### दो माह पहले एसडीएम से की थी शिकायत

आदिवासी की जमीन की फर्जी फौती नामांतरण कर भूमाफियाओं द्वारा बेचने की शिकायत और दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते दो माह पहले एसडीएम के संज्ञान में इस मामले को लाया गया था। लेकिन किसी तरह की ठोस कार्रवाई नहीं की गई। कलेक्टर और विधायक को आज ज्ञापन दिया गया है। मुख्यमंत्री को भी शिकायत की कॉपी भेजी गई है। पंचायत के सारे लोग न्याय की आस कर रहे हैं। ऐसे मामले पर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।
लखमु राम नागेश, सरपंच ग्राम पंचायत तुसेल

### भूमाफियाओं पर कड़ी कार्रवाई हो

बस्तर में पेसा कानून और 5वीं अनुसूची लागू है, आदिवासी की जमीन को किसी भी हाल में गलत तरीके से खरीदना या बेचना गंभीर अपराध है। ग्राम पंचायत तुलेस में आदिवासी की मौत के बाद फर्जी तरीके से भूमाफियाओं द्वारा अवैध कमाई के लिए जालसाजी का कृत्य किया गया। आदिवासी समाज के किसी भी गरीब के साथ जमीन मामले में फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासन प्रशासन ऐसे अपराधी तत्वों पर कड़ी कार्रवाई तत्काल करें और उन्हें जेल भेजा जाए। अन्यथा समाज को आंदोलन का रास्ता चुनना पड़ेगा।
- दशरथ कश्यप, जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज, बस्तर

## खरीदी के साल भर बाद भी 19 लाख बोरा धान है जाम

# बिरिंगपाल और नियानार संग्रहण केंद्र में 300 करोड़ के धान खराब होने का अंदेशा : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राजीव भवन में सोमवार को बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने पत्रवार्ता में बताया कि बस्तर जिले के दो धान संग्रहण केंद्र बिरिंगपाल और नियानार में अरबों रुपए का धान सड़ने के लिए छोड़ दिया गया हैं। वही पूर्ववर्ती सरकार में फ़रवरी तक धान संग्रहण केंद्रों से मिलर्स तक पहुंच जाता था। वर्तमान सरकार और जिला प्रशासन के अधिकारी वर्षा ऋतू से पूर्व धान का उठाव क्यों नही किए यह सवालिया निशान है। सरकार धान उठाव नीति और नियति स्पष्ट क्यों नहीं कर पा रही हैं। जिम्मेदार लोग इस मामले पर चुप्पी क्यों साधे बैठे हैं जो जनता के टैक्स के पैसों की बर्बादी हैं। वही राज्य सरकार 9 महीने में ही 3000 करोड़ का कर्ज ली हैं।

- जनता के टैक्स के पैसों की हो रही बर्बादी




श्री मौर्य ने कहा कि बस्तर जिले में लगभग 3 अरब रुपए का धान खराब हो चुका हैं। सरकार इसे बेच कर आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकती थी। 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारम्भ करने जा रही है। पिछले साल की खरीदी गई धान का अब तक उठाव नहीं हुआ हैं। इस दौरान उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय, रविशंकर तिवारी, पार्षद सूर्यापानी, सुखराम नाग, महामंत्री ज़ाहिद हुसैन, विजेंद्र ठाकुर, उस्मान रजा समेत अन्य मौजूद रहे।

### प्लास्टिक बोरा और भूसा खरीदी में गड़बड़ी

जिलाध्यक्ष ने जिला खाद्य अधिकारी और जिला विपणन अधिकारी पर प्लास्टिक बोरा और भूसा खरीदी में भारी पैमाने पर अनियमितता करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा धान संग्रहण केंद्रों से मजदूरों से प्लास्टिक बोरा में भूसा भर कर धान सुरक्षित रखने हेतु स्टेग लगाने का कार्य किया जाता है। जिसमे फर्जी बिल एवं मस्टरोल लगा कर शासकीय पैसे का बंदरबांट किया गया हैं। जिसमे जिला विपणन अधिकारी की भूमिका संदिग्ध हैं। जिसकी जांच कर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप



### जनदर्शन में आमजनों से 18 आवेदन प्राप्त

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय के समाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनी और प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक जांच कर कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जनदर्शन में धनोरा तहसील के ग्राम बड़ेओड़ागांव से पहुंचे ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव पर अनियमितता की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को आवश्यक जांच के लिए अग्रेषित किया। इसी प्रकार तहसील मर्दापाल के के ग्राम गोलावण्ड निवासी सोनसिंग कोर्राम ने अपनी समस्या बताते हुए गांव के पटवारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र के लिए वंशावली नहीं बनाने की शिकायत की। जिस पर एसडीएम कोण्डागांव को आवश्यक जांच के लिए निर्देशित किया। जनपद पंचायत माकड़ी अंतर्गत ग्राम ठेमगांव के ग्रामीणों ने पूर्व माध्यमिक शाला के लिए विज्ञान विषय के शिक्षक की मांग की। जिला शिक्षा अधिकारी को कार्रवाई निर्देशित किया। इसी प्रकार ग्राम होनावण्डी के ग्रामीणों ने शेड निर्माण, ग्राम गोड़मा निवासी पवन कुमार मरकाम ने वन अधिकार पत्र की मांग, ग्राम चिलपुटी के ग्रामीणों न प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित मजदूरी भुगतान की मांग सहित विभिन्न मांगों को लेकर कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर एडीएम चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का निर्जला व्रत

**फरसगांव।** अंचल में 20 अक्टूबर को पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा। करवा चौथ पर सुहागनों ने सोलह श्रृंगार कर पारिवारिक खुशनुमा माहौल में यह पर्व



धूमधाम से मनाया। रात को चंद्रमा के दर्शन के बाद पूजा और जल से अर्घ्य देकर सुहागन महिलाएं जल एवं प्रसाद ग्रहण करते हैं। और अपने पतियों के लंबी आयु के लिए पूजा अर्चना की। करवा चौथ व्रत रखने वाली सुहागिनों ने बताया यह करवा चौथ व्रत पति-पत्नी के रिश्ते को मजबूत करने वाला त्योहार माना गया है। इस दिन व्रत में भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा की जाती है। रात को चंद्रमा को अर्घ्य दिया जाता है। चंद्रमा को सुख, शांति व आयु कारक माना गया है। मान्यता है कि इनकी पूजा करने से वैवाहिक जीवन सुखद होता है। इस दिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए पूरे दिन निर्जला व्रत करती हैं।

### गारावंडी में शेड निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



**केशकाल।** ग्राम पंचायत गारावंडी में शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज किया गया। 6 लाख की लागत से शेड निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवचंद मतलाम जिला पंचायत अध्यक्ष कोंडागांव थे। श्री मतलाम ने कहा कि हमारे समाज से आज तक कलेक्टर या बड़े अधिकारी नहीं बन पाया हैं। युवा शिक्षा, स्वस्थ पर ध्यान दें। कोंडागांव बस्तर से आने वाले समय समाज से कम से कम एक अधिकारी बनने की अपील उन्होंने की। उन्होंने कहा कि एक टाइम खाना मत खाओ लेकिन बच्चे को शिक्षा जरूर दिलाएं। इस अवसर पर मिलनाथ कोर्राम(सरपंच) खिलेश्वर शोरी जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस कोंडागांव, माया राम पटेल, छेदी लाल नेताम उपसरपंच, ईश्वर सिंह नेताम, पप्पू मांडवी राधे नेताम साथ में ग्राम के गायता मांझी पुजारी व अन्य ग्रामवासी सैकड़ों की जनसंख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जिले के 10 छात्रावासों में कल्पना कक्ष, पुस्तकालयों व रीडिंग रूम की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नक्सल प्रभावित कोंडागांव जिले के आदिवासी छात्रावासों में पढ़ाई के प्रति रुचि और शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के नेतृत्व में जिले के छात्रावासों में कल्पना कक्ष, पुस्तकालयों व रीडिंग रूम की शुरुआत की गई है। इस योजना का उद्देश्य न केवल आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, बल्कि उन्हें चरमपंथ के आकर्षण से दूर रखना भी है। 124 छात्रावासों में पहुंचने वाली योजना शुरुआत में 10 आदिवासी छात्रावासों में शुरू की गई। योजना का विस्तार अब 124 छात्रावासों में किया जा रहा है। इस पहल के तहत न केवल पुस्तकालयों की स्थापना की जा रही है, बल्कि आधुनिक डिजिटल संसाधन जैसे कंप्यूटर, स्मार्ट टीवी, इंटरनेट कनेक्टिविटी, और क्यूरेटेड डिजिटल सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर दुदावत का मानना है कि यह पहल नक्सल प्रभावित क्षेत्रें में हिंसा के चक्र को तोड़ने में अहम भूमिका निभा सकती है। अभिनव पहल का क्रियान्वयन यह परियोजना राज्य जनजातीय निधियों और जिला खनिज निधि के अभिसरण से लागू की जा रही है। विकास की ओर कदम इस योजना के तहत केवल बुनियादी ढांचे में सुधार नहीं किया जा रहा है, बल्कि छात्रावासों की पूरी प्रक्रिया का सर्वेक्षण, माप और प्रलेखन किया जाएगा। नए फर्नीचर, विद्युत मरम्मत, ताजे रंग–रोगन और फर्श के उन्नयन से छात्रों के लिए एक स्वागत योग्य वातावरण तैयार किया जा रहा है।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा की नई रोशनी

### हाईटेक सुविधा

विद्यार्थियों के लिए हाईटेक सुविधाएं आदिवासी छात्रावास अब केवल किताबों तक सीमित नहीं रहेंगे। उन्हें अब एसटीईएम किट, डिजिटल शिक्षण सामग्री, और अंग्रेजी सीखने के संसाधन भी प्रदान किए जा रहे हैं। इसके साथ ही, कंप्यूटर और स्मार्ट टीवी की कार्यक्षमता को सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी ऑडिट भी किया जा रहा है। विद्यार्थियों की जिज्ञासा को बढ़ावा देने के लिए एक संरचित पाठ्यक्रम पेश किया जाएगा, जिससे उन्हें अपनी पढ़ाई में और निपुणता हासिल हो सके। प्रेरणा छात्रावासों में किए गए सर्वेक्षण में कई समस्याएं सामने आईं, जिनमें अव्यवस्थित



भंडारण, अनुपयोगी कंप्यूटर और स्मार्ट टीवी जैसी चुनौतियां शामिल थीं। इन समस्याओं को देखते हुए प्रशासन ने इनका समाधान करने का बीड़ा उठाया है। वरिष्ठ छात्रों को पुस्तकालयों का प्रबंधन सौंपा जाएगा, जिससे उनके नेतृत्व कौशल का विकास हो सके और जिम्मेदारी की भावना पैदा हो।

### बच्चों के भविष्य को नई दिशा मिलेगी

यह पहल न केवल शिक्षा को बढ़ावा देने में सहायक साबित होगी, बल्कि आदिवासी क्षेत्रें में छात्रों को ज्ञान और कौशल के साथ सशक्त बनाएगी। कलेक्टर दुद्धावत के अनुसार, कल्पना कक्ष पुस्तकालय हिंसा के चक्र को तोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस पहल से क्षेत्र के बच्चों को संघर्ष से बाहर निकलने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके भविष्य को नई दिशा मिलेगी।

## पुलिस स्मृति दिवस: परेड का आयोजन कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की

# शहीदों की वीरता और बलिदान को किया गया नमन, परिजनों का सम्मान कर समस्याएं जानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



पुलिस द्वारा आज पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गया। जिसमें देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्हें श्रीफल एवं साल देकर सम्मानित किया। 21 अक्टूबर 1959 को तिब्बत में भारत–चीन सीमा पर तैनात भारतीय पुलिसकर्मियों की एक बटालियन पर चीनी सेना ने घात लगाकर हमला किया था। यह घटना उत्तर–पूर्वी लद्दाख के हॉट प्रिंग्स इलाके में हुई थी। जिसमें 10 भारतीय पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे और 7 जवान घायल हुए थे। इस घटना के बाद, जनवरी 1960 में पुलिस महानिरीक्षकों के वार्षिक सम्मेलन में 21 अक्टूबर को हर साल पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। ताकि पुलिसकर्मियों के बलिदान को याद किया जा सके। तब से यह दिन पूरे देश में पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा



बल और अर्धसैनिक बलों द्वारा एकजुट होकर मनाया जाता है। पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में कोण्डागांव के रक्षित केंद्र में स्थित शहीद स्मारक के समीप परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार की अगुवाई में शहीद पुलिस जवानों के बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान 1 सितंबर 2023 से 31 अगस्त 2024 तक कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के नामों का वाचन किया गया, जिसके बाद शहीद स्मारक को सलामी दी गई। परेड कमांडर ने शोक शस्त्र कराकर शहीद जवानों को सम्मानपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कुणाल दुतावत और पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया। परिजनों को श्रीफल और साल भेंट कर उनकी बहादुरी और त्याग को नमन किया गया। इस दौरान कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने परिजनों की समस्याओं को सुना और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

### कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर

पुलिस स्मृति दिवस हर वर्ष उन वीर पुलिसकर्मियों की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। यह दिवस देश के विभिन्न हिस्सों में पुलिस बलों द्वारा शहीदों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक विशेष अवसर होता है। इस आयोजन के माध्यम से पुलिस और प्रशासन ने न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि दी, बल्कि उनके परिजनों की कठिनाइयों को समझने और उनका निराकरण करने की पहल भी की। यह कदम शहीद जवानों के परिवारों को यह विश्वास दिलाता है कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया है और समाज उनके योगदान को सदा याद रखेगा।

### ये रहे उपस्थित

आयोजन में जिला कलेक्टर कुणाल दुतावत, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के साथ सीआरपीएफ 188 कोण्डागांव के 2 आईसी अभिज्ञान कुमार, आईटीबीपी 41 कोण्डागांव के कमांडेंट बी.सी. सरकार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स और जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा, भूतपूर्व सैनिकों के पदाधिकारी, सदस्यगण, शहीद जवानों के परिजन और कोण्डागांव पुलिस के कर्मचारी भी इस आयोजन में शामिल हुए।

# आवास का निर्माण जल्द करें पूरा ताकि जल्द से जल्द नए घर में रह सकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत कोंडागांव में चल रहे आवास निर्माण कार्यों की धीमी गति को देखते हुए बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने हितग्राहियों से मुलाकात कर उन्हें जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने के लिए प्रेरित किया। मानसून समाप्त हो जाने के बाद भी निर्माण कार्य में अपेक्षित तेजी न आने पर चिंता जताते हुए विधायक ने स भी लाभार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करें, ताकि वे जल्द से जल्द नए घरों में रह सकें। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबके लिए आवास के विजन को याद दिलाया। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीबों और जरूरतमंदों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, और इसके तहत जो लाभ मिला है, उसे समय पर पूर्ण करना सभी की जिम्मेदारी है। अभी तक कई घरों का निर्माण फाउंडेशन लेवल, लिंटल लेवल और रूफ लेवल तक पहुँच चुका है। विधायक ने सभी हितग्राहियों से दिसंबर तक निर्माण कार्य पूरा करने की अपील की है, ताकि सरकार के उद्देश्यों के अनुरूप जल्द ही इन आवासों का उपयोग शुरू हो सके और स्वयं का पक्के मकान का सपना पूरा हो सके। सुश्री उसेंडी ने यह भी कहा कि यदि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की समस्या आ रही है, तो वे मुझसे और अधिकारियों से संपर्क करें, ताकि कोई भी तकनीकी या अन्य अड़चन का शीघ्र हल किया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी की इस योजना का उद्देश्य गरीबों के जीवन में स्थायित्व और सुरक्षा लाना है, और इसे पूरा करने के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने की जरुरत है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी, दीपेश अरोरा, नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

■ कार्य की धीमी गति पर विधायक ने जताई चिंता

# सरस मेले में कोंडागांव जिला राज्य में रहा दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती और स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 से 19 अक्टूबर तक जगदलपुर में बस्तर मड़ई एवं क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन हुआ। इस मेले में कोंडागांव जिला ने दूसरा स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, जो जिले की आर्थिक और सामाजिक प्रगति का संकेत है। कलेक्टर कुणाल दुद्धावत के निर्देशन में जिले के सभी विकासखंडों से दो–दो समूहों और उड़ान महिला कृषक प्रोड्यूसर कंपनी सहित कुल 12 समूहों ने मेले में हिस्सा लिया। डीएमएम विनय सिंह ने इस सम्बन्ध में बताया कि सरस मेले में समूहों द्वारा कुल 12 लाख 38 हजार 800 रुपये के उत्पादों को बिक्री के लिए प्रदर्शित किया गया था। जिसमें से



लगभग 5 लाख 66 हजार 930 रुपये के उत्पादों का विक्रय हुआ। कोंडागांव जिला ने इस उपलब्धि के साथ पूरे छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जो जिले के लिए गर्व की बात है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहे हैं। उनके विजन में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। सरस मेला जैसी प्रदर्शनी महिलाओं को अपने उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने का अवसर देती हैं। जिससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है, बल्कि आत्मनिर्भरता का भाव भी विकसित होता है।

■ महिला सशक्तिकरण के साथ आर्थिक व सामाजिक प्रगति का संकेत

### फरसगांव थाने का शिंदे ने संभाला कार्यभार



**धनोरा।** फरसगांव थाने का प्रभार संजय शिंदे ने आज संभाल लिया है। श्री शिंदे इसके पहले धनोरा थाना, उरेंदाबेडा आदि जगहों पर कार्य कर चुके हैं। पुलिस थाना अनंतपुर में भी कार्य करने की जानकारी सूत्रों प्राप्त हुई है।

# दीपावली के पहले ओडिशा के समुद्र तट से टकराएगा दाना तूफान 24 को

**जगदलपुर।** दीपावली के पहले वायुमण्डल में बदलाव होगा और 24 अक्टूबर को ओड़िशा के समुद्र तट से चक्रवात दाना तूफान टकराएगा। इसके एक दो दिन पहले 22-23 अक्टूबर से वायुमण्डल में चक्रवाती हलचल तेज होगी। दाना तूफान का प्रभाव छग के बस्तर में सबसे ज्यादा असर होने के संकेत है। इस बात की पुष्टि मौसम



विज्ञान केंद्र रायपुर ने तीन दिन पहले सेटेलाइट से मिले संकेत के आधार पर सोमवार को जारी पूर्वानुमान में किया है। उनके मुताबिक वायुमण्डल में एक निम्न दाब का क्षेत्र पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर अंडमान सागर के ऊपर स्थित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने और प्रबल होकर अवदाब के रूप में 22 अक्टूबर के सुबह परिवर्तित होने की संभावना है। उसके बाद और अधिक प्रबल होकर 23 अक्टूबर को पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवात के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है। उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी ओड़शा तक-पश्चिम बंगाल तट के पास 24 अक्टूबर की सुबह पहुंचने की संभावना है। सेटेलाइट से मिले संकेत के आधार पर 24 अक्टूबर की सुबह ओड़शा के पूरी अथवा उसके आसपास समुद्र तट से दाना तूफान टकराएगा। इसके प्रभाव से दक्षिण छत्तीसगढ़ याने बस्तर में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार है।

### प्रचुर मात्रा में आ रही नमी

मौसम वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा के मुताबिक वायुमण्डल में एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम मध्य अरब सागर के ऊपर स्थित है। इन दोनों के मौसमी तंत्र के संयुक्त प्रभाव के कारण प्रदेश में प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन हो रहा है। जिसके कारण 22 अक्टूबर को प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

10 नए राशन कार्ड बनवाने मिले आवेदन

# महात्मा गांधी वार्ड में योजनाओं की जानकारी देने लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



नगरपालिका द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने के लिए शनिवार को महात्मा गांधी वार्ड से एक विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर में 10 नए राशन कार्ड के आवेदन प्राप्त हुए हैं। श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के महावीर बघेल को श्रद्धांजलि योजना के तहत नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी द्वारा नकद राशि का भुगतान किया गया। यह शिविर 14 दिसम्बर तक प्रत्येक शनिवार को नगर के अलग–अलग वार्डों में आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में नागरिकों के लिए कई महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनमें नवीन राशन कार्ड के लिए आवेदन, राशन कार्ड में संशोधन, नाम जोड़ना और काटना जैसी सेवाएं शामिल होंगी। इसके अलावा, विभिन्न पेंशन योजनाओं, जैसे वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखत सहारा पेंशन, मुख्यमंत्री पेंशन योजना आदि पेंशन संबंधी समस्याओं का समाधान भी इन शिविरों के माध्यम से किया जाएगा। शिविर के दौरान श्रद्धांजलि योजना से संबंधित आवेदन भी लिए जाएंगे। 26 अक्टूबर को डोंगरीपारा वार्ड और जामकोटपारा वार्ड के लिए शिविर सामुदायिक मंच कैलाश पोयाम के घर के पास जामकोटपारा में आयोजित होगी। 9 नवंबर को शीतलापारा, विकासनगर, और बाजार पारा वार्ड के लिए स्टेडियम ग्राउंड, विकासनगर में शिविर लगाया जाएगा। 16 नवंबर को तहसीलपारा वार्ड, पं. दीनदयाल और डी.एन.के वार्ड के लिए नगरपालिका कार्यालय में, 23 नवंबर को भेलवांपदर वार्ड, बंधापारा और फॉरेस्ट कॉलोनी वार्ड के लिए शहीद गुंडाधूर महाविद्यालय भवन में, और 30 नवंबर को शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड, अंबेडकर वार्ड, और शहीद भगतसिंह वार्ड के लिए सांस्कतिक मंच, नहरपारा में शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं 7 दिसंबर को सरगीपाल वार्ड, अस्पताल वार्ड और स्वामी विवेकानंद वार्ड के लिए दुर्गा मंच, अस्पताल वार्ड में शिविर लगाया जाएगा। 14 दिसंबर को मरारपारा, ज्योतिबा फुले वार्ड, और महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड में प्राथमिक शाला, रोजगारीपारा में शिविर का आयोजन होगा। इन शिविरों के सुचारू संचालन के लिए वार्ड प्रभारियों को भी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, पार्षद लक्ष्मी धुरु, योगेंद्र पोयम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित अन्य नगरपालिका कर्मी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### आदिवासी की मौत ....

प्रकरण क्रमांक पर दो अलग-अलग आदेश जारी किए। एक ऑनलाइन और दूसरा ऑफलाइन। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस षड्यंत्र में सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत हो सकती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्राम पंचायत तुसेल के ग्रामीणों एवं प्रतिनिधियों ने प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव के कार्यालय में जाकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पंचायत ने यह मामला कलेक्टर और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सामने भी उठाया है। पंचायत का कहना है कि यह केवल एक जमीन हड़पने का मामला नहीं है, बल्कि आदिवासी समुदाय की भूमि पर कब्जा करने का एक सुनियोजित षड्यंत्र है।

**भूमि की बिक्री और 50 लाख में सौदा**

फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेकर भूमाफियाओं ने मासे पिता डोरा की 4 एकड़ जमीन को 50 लाख रुपये में बेचने की योजना बनाई थी। इस षड्यंत्र को अंजाम देने के लिए स्थानीय व्यापारियों और दलालों से संपर्क किया गया था। मासे पिता डोरा के जीवित रिश्तेदार लच्छू पिता लखमू जो विधिवत रूप से जमीन के कानूनी वारिस हैं, को इस फर्जीवाड़े की कोई जानकारी नहीं दी गई। जमीन के वारिस होने के बावजूद उन्हें इस प्रक्रिया से दूर रखा गया। ग्राम पंचायत ने जब इस घोटाले का पता लगाया, तो उन्होंने तुरंत एसडीएम कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई। लेकिन दो महीने बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे पंचायत और ग्रामीणों में आक्रोश है।

**उच्चस्तरीय जांच की मांग**

ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने राज्य सरकार से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अब तक की धीमी कार्रवाई से निराश है, लेकिन न्याय की उम्मीद हैं। इस गंभीर मामले ने न केवल स्थानीय प्रशासन, बल्कि पूरे राज्य में प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### न्योता भोज के आयोजन ...

ली। योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान न्यौता भोज आयोजन में रूचि नहीं लेने सहित लापरवाही बरतने के कारण बीईओ को शो-कॉज नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों और अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से सभी स्कूलों में न्यौता भोज का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही सरस्वती सायकिल योजनांतर्गत लक्षित बालिकाओं को दीपावली अवकाश के पूर्व सायकिल वितरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किए जाने कहा। कमिश्नर ने बस्तर ओलंपिक में सभी ग्राम पंचायतों के हरेक ग्राम, पारे-टोले की सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल देते हुए हरेक ग्राम पंचायत से 100 से ज्यादा लोगों का पंजीयन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत सुविधा विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों में विद्युत कनेक्शन मुहैया करवाने सहित पंखा एवं लाइट लगाए जाने कहा। साथ ही बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा प्रदान करने उपलब्ध करवाई गई सामग्रियों का उपयोग करने सहित टीवी के माध्यम से जादुई पिटारा को बच्चों को दिखाए जाने कहा। उन्होंने कुपोषित बच्चों के उपचार हेतु पोषण पुनर्वास केन्द्र के लिए रोस्टर तैयार कर प्रतीक्षा सूची के अनुरूप बच्चों को भर्ती किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मनरेगा, एसबीएम, प्रधानमंत्री आवास योजना, एनआरएलएम, स्कूली बच्चों को गणवेश वितरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति समीक्षा की गई।

### नौ साल बाद ...

ने विस्तार से जानकारी दी। बस्तर जिला फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में 20 से अधिक टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें अब तक 16 टीमों ने अपनी भागीदारी दी है। सचिव दिलीप दास ने बताया कि 2015 के बाद इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हो सका था। यशवर्धन राव ने कहा कि प्रतियोगिता स्व. बोड़ा मांझी की स्मृति में आयोजित होती थी। महेंद्र कर्मा के निधन के बाद यह आयोजन बंद हो गया था, लेकिन अब बस्तर के व्यापारियों और स्थानीय जनता के सहयोग से इसे फिर से शुरू किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन और ऑल इंडिया फुटबॉल संघ से अनुमति मिलने के बाद तैयारियां जोरों पर हैं।यह फुटबॉल महाकुंभ 10 दिनों तक चलेगा, जिसमें खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान विश्वजीत भट्टाचार्य मौजूद रहे।



खबर संक्षेप

## सुहिणी सोच ने मनाया करवाचौथ का पर्व



**जगदलपुर।** पूज्य सिन्धी पंचायत की महिला विंग सुहिणी सोच की अध्यक्षा नीलम बसन्तवानी ने बताया कि करवाचौथ व्रत रखने वाली सभी महिलाओं को माता करवा की कथा सुनाई गई। इस कथा को सुनने के साथ ही सभी महिलाएं अपनी पूजन थाली को एक दूसरे के हाथों आगे बढ़ाते हुए पूजन किया गया। सिन्धु भवन में हर वर्ष की तरह इस बार भी करवाचौथ मनाया गया। समाज की सभी महिलाओं के साथ अन्य महिलाओं ने भी इस पूजन में शामिल हुए और सभी को प्रसाद वितरण किया गया। सचिव भारती लालवानी ने बताया कि सिन्धु भवन में करवाचौथ के कार्यक्रम को रोचक बनाने दमसास खेल का आयोजन किया गया। इस खेल में महिलाओं ने सिन्धी समाज से जुड़े हुए सवालों पर एक्ट कर पुरस्कार जीता। इस दौरान सुनीता दुल्हानी, अमृता मूलचंदानी, बबिता दुल्हानी, अन्नू मोटवानी, वर्षा राजपाल, हर्षा वासवानी, सानवी मेठानी, रिया वासवानी, कोमल नागदेव, सुमन दुल्हानी, जानवी वाधवानी, नीतू वाधवानी उपस्थित रहे।

## बोदली में शहीद उपेन्द्र को स्कूल में किया गया याद




**जगदलपुर।** शहीदों के शहादत को नमन करते हुए स्व. उपेन्द्र साहु के पुण्य तिथि पर भगतसिंह उच्चतर माध्यमिक शाला के साथ प्राथमिक माध्यमिक शाला भगतसिंह में श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया। शहीद उपेन्द्र के पिता संतलाल साहु व माता मीना साहु ने शहीद पुत्र जो 14 मार्च 2009 को ग्राम बोदली के नक्सली घटना में शहादत प्राप्त की थी उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया।

### इंजराम में 219वीं बटालियन सीआरपीएफ ने मनाया पुलिस स्मृति दिवस

# पुलिस स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर वीरगाथा को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा



219वीं बटालियन सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स द्वारा इंजराम मुख्यालय में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम नीरज कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी उपस्थित राजपत्रित अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण एवं बल के सभी जवानों द्वारा वीर शहीदों को याद करते हुये भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

मुख्य अतिथि द्वारा पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वीर शहीदों की वीरगाथा से सभी जवानों को अवगत कराया तथा इस दिवस के गौरवपूर्ण इतिहास को स्मरण करते हुये कहा कि 21 अक्टूबर 1959 सीआरपीएफ की तीसरी बटालियन की एकमात्र कंपनी के 21 जवानों की गश्ती दल ने हॉट स्प्रिंग लद्दाख में चीनी सेना के एक बहुत बड़े दल के आक्रमण को विफल किया तथा मातृभूमि की सेवा करते हुए जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। इन शहीदों को श्रद्धांजलि देने व उनके पराक्रम को याद करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 21 अक्टूबर को प्रत्येक वर्ष पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। साथ ही बल के प्रति अपनी जिम्मेदारियों व कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए अपने प्राणों की आहूति देने वाले देश के उन महान अमर वीरों के बलिदान को याद करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया तथा प्रत्येक जवान को निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिये प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर कर्मवीर सिंह यादव द्वितीय कमान अधिकारी, रेहान अली खान सहा. कमाण्डेन्ट, डॉ. इब्राहिम चिकित्सा अधिकारी के साथ-साथ बटालियन के सभी कार्मिक उपस्थित रहें।

# कैलाश बने तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन में कैलाश चौहान अपने निकटतम प्रत्याशी अवधेश पटेल को भारी मतों से हराकर तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए। प्रांत अध्यक्ष के चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ के पांचों संभाग बस्तर, रायपुर,दुर्ग,बिलासपुर, सरगुजा मुख्यालय में संघ के सदस्यों ने मतदान किया।

कुल 1250 मतदाता में 1069 ने वोट डाले। जिसमें कैलाश चौहान को 689 मत और अवधेश पटेल को 380 मत मिले। इस प्रकार कैलाश चौहान 300 मतों के भारी अंतर से तीसरी बार प्रांत अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

# पुलिस स्मृति दिवस पर वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि






हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस पर सम्पूर्ण भारत में राज्य पुलिस बल एवं अर्द्धसैनिक बलों के जवान जिन्होंने विगत वर्ष देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था में अपने प्राण

- **शहीद परिवारों को श्रीफल एवं शॉल भेंट कर किया सम्मानित**

न्यौछावर किये, उन शहीद जवानों के नाम का वाचन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। उक्त अवधि में कुल 216 जवानों ने देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर कर अपना सर्वस्व बलिदान दिया है। इस दौरान छत्तीसगढ़ से कुल 11 जवान शहीद हुये है, जिनमें जिले में माओवादी घटना में एसटीएफ 2, छसबल 2, केरिपु बल 1 एवं जिला बल 2 कुल 7 जवान शहीद हुये। पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा शहीद जवानों की नामावली वाचन किया गया एवं नामावली वाचन उपरान्त नामावली शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि हेतु रखा गया। शहीदों को सलामी उपरान्त शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन धारण किया गया। सलामी उपरान्त जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं शहीद परिवार द्वारा शहीद स्मारक में पुष्प अर्पण कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

इस दौरान जिपं अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिपं उपाध्यक्ष कमलेश कारम, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार, डीआईजी केरिपु देवेन्द्र सिंह नेगी, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ.जितेन्द्र कुमार यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रकांत गवर्ना शहीद परिवार से रूबरू हुये, उन्हें सम्मान स्वरूप श्रीफल एवं शॉल भेंट किया गया। शहीद परिवार को उनके स्वत्वों के भुगतान के संबंध में जानकारी लिये एवं विश्वास दिलाये कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपनी समस्याओं से अवगत करावें, आपकी समस्याओं के निराकरण हेतु हरसंभव प्रयास किया जायेगा। शहीद जवानों के बच्चों को छात्रवृत्ति हेतु शासन के योजनाओं के लाभ हेतु संबंधित लिपिक को छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र शिक्षा विभाग को भरकर भेजे जाने हेतु निर्देशित किया गया।

वहीं बीजापुर अन्तर्गत थाना क्षेत्र में निवासरत शहीद जवान जिन स्कूल में अपनी शिक्षा ग्रहण किये है, उन स्कूलों में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

# समलूर में हुई पालक-बालक बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत समलूर के शासकीय हाईस्कूल समलूर में पालक मेगा बैठक कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया। जिसमें विधायक चैतराम अटामी ने 9वीं में अध्यनरत छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल वितरण किया।

- **विधायक ने किया सरस्वती साइकिल वितरित**

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के सदस्य अभिमन्यु सोनी ने राज्य एवं केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को सबके समक्ष रखा। तत्पश्चात जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष अंति वेक ने स्कूली गतिविधियों की सराहना की। इसके पश्चात विधायक अटामी ने स्कूल द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों की तारीफ की एवं स्कूल एवं ग्रामीण जनों को कई सौगातों की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक के द्वारा शासकीय हाई स्कूल समलुर के कक्षा 9वीं में अध्यनरत छात्राओं को शासकीय योजना अंतर्गत सरस्वती साइकिल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मल्लिका अटामी, नगर पालिका दंतेवाड़ा उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप गौतम, भाजपा जिला महामंत्री संतोष गुप्ता, सरपंच राजो सोरी, मनीष सुराना, ममता गुप्ता, सुशीला ठाकुर, विधायक निज सहायक रामचरण यादव समेत पालकगण तथा संकुल के सभी स्कूलों के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र.281/ब-121/2023-24

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेश सोरी पिता शंकर सोरी जाति माहरा ग्राम जैबेल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने दादा स्व. सोनसाय सोरी पिता स्व. मनबोध निवासी ग्राम जैबेल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के दादा स्व. सोनसाय सोरी पिता स्व. मनबोधन सोरी ग्राम जैबेल का दिनांक 01/02/2020 को मृत्यु हुई है। आवेदक गणेश सोरी पिता शंकर सोरी जाति माहरा ग्राम जैबेल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के दादा स्व. सोनसाय सोरी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 23/10/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 09/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र.06/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक किरजय पिता पुनऊ जाति माहरा ग्राम सौतपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने रिश्तेदार स्व. गंगा निवासी ग्राम सौतपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के रिश्तेदार स्व. गंगा पिता स्व. डोमु ग्राम सौतपुर का दिनांक 10/09/2023 को मृत्यु हुई है। आवेदक किरजय पिता पुनऊ जाति माहरा ग्राम सौतपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के रिश्तेदार स्व. गंगा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 23/10/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 09/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर**

# निर्दोष एक भी आदिवासी की मौत बर्दाश्त नहीं : दशरथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




बस्तर में छग सर्व आदिवासी समाज उत्थान के लिए लगातार काम कर रहा है। संवेदनशील क्षेत्रों में एक भी निर्दोष आदिवासी की

- **दूसरी बार बने छग सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष**

मौत बर्दाश्त नही की जाएगी। आदिवासी समाज लंबे समय से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है। अंतिम छोर पर बसा समाज का अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिले यह प्रयास रहेगा। यह बातें छग सर्व आदिवासी समाज के दूसरे बार जिलाध्यक्ष बने दशरथ कश्यप ने कही। बोधघाट स्थित प्रदेश कार्यालय में जिला संगठन के वार्षिक चुनाव में मतदान की स्थिति नहीं आई और पूर्व जिलाध्यक्ष दशरथ कश्यप को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। राजाराम तोडेंम ने सभा में उनके जिलाध्यक्ष मनोनीत होने की घोषणा की। प्रदेशाध्यक्ष तोडेंम ने उन्हें विधिवत पदभार ग्रहण कराया। इस दौरान समाज के युवा समेत वरिष्ठ सदस्यों के द्वारा समर्थन में जमकर नाईबाजी की गई।

### नई कार्यकारिणी का गठन

जिलाध्यक्ष कश्यप ने नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें तीन उपाध्यक्ष नीलकुमार बघेल, बुप्पी बालमती नागेश व महादेव कवासी को सम्मलित किया गया है। जिला सचिव का दायित्व सोनसाय कश्यप को सौंपा गया जबकि कोषाध्यक्ष अरुण कुमार नेताम, सह सचिव रमेश कश्यप व चन्द्रभान कश्यप, महिला प्रभाग जिलाध्यक्ष चमेली जीराम को मनोनीत किया गया है। जबकि युवा प्रभाग में जिला अध्यक्ष का दायित्व लखेश्वर कश्यप और मिडिया प्रभारी दुर्जन सिंह को मनोनीत किया गया। जबकि जिला कार्यकारिणी में 15 सभी प्रखंड प्रमुख को सम्मलित किया गया है।

# छत्तीसगढ़ डायोसिस एक राइड फॉर पीस रैली शहर पहुंची



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रदेश में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई के बीच एकता समरसता के साथ पर्यावरण के बेहतरी के संकल्प को लेकर छत्तीसगढ़ डायोसिस द्वारा एक राइड फॉर पीस रैली आज जगदलपुर पहुंची। जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष

- **जनता कांग्रेस के सदस्यों ने किया स्वागत**

नवनीत चांद एवं पदाधिकारियों ने शांति और अमन के संदेश लेकर पहुंची रैली का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर डाइसिस सेक्रेटरी नितीन लॉरेंस एवं अन्य का पुष्पाहार से स्वागत किया गया। नवनीत ने पर्यावरण सहेजने के इस प्रयास को प्रेरक बताते हुए कहा कि यह यात्रा बस्तरवासियों के लिए प्रेरणा साबित हो। उन्होंने कहा कि बस्तर अपनी संस्कृति और हरियाली के लिए जानी जाती है पर पेड़ और जंगल काटे जा रहे है यह सही नहीं है। इस अवसर पर संतोष सिंह, डेनिस राज, प्रीतम नाग, रामू नाग, किरण नाग एवं विभिन्न समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### रोजगार मेला सह काउंसिलिंग कैम्प का आयोजन



**जगदलपुर।** जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज जगदलपुर में कौशल पखवाड़े के अंतर्गत रोजगार मेला सह काउंसिलिंग कैम्प का आयोजन आज किया गया। जिसमें 9 नियोक्ताओं द्वारा साक्षात्कार लिए गए। रोजगार मेले में 184 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 77 प्रतिभागियों का चयन रोजगार हेतु किया गया तथा 60 प्रतिभागियों ने कौशल प्रशिक्षण हेतु रुचि दिखाई और आवेदन किया। संयुक्त कलेक्टर प्रवीण वर्मा द्वारा कौशल मेला का निरीक्षण किया गया तथा नियोक्ताओं से बात की गई। मेले में रोजगार कार्यालय से अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रदान संस्था से प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### शिल्पी के मिलन कार्यक्रम में गीत संगीत का शमां बंधा



**जगदलपुर।** शिल्पी सांस्कृतिक संस्था ने मिलन समारोह भाभा आईटीआई में मनाया। मुख्य अतिथि आईटीआई के संस्थापक भवतोष विश्वास को पुष्पगुच्छ से वरिष्ठ सदस्य सुधीर मंडल एवं उपाध्यक्ष जतिन राय चौधरी ने स्वागत किया। उपाध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया। मंच संचालन करते सुबीर नंदी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत कोषाध्यक्ष हरि माधव दास ने कविता से किया। कार्यक्रम में रविंद्र नाथ ठाकुर, काजी नजरुल इस्लाम, माइकल मधुसूदन दत्ता जैसे महान कवि एवं स्वरचित कविता का पाठ किया गया। गायक गायिकाओं ने मधुर गीत गाकर दर्शकों का मन मोह लिया। छोटे बच्चे भी एक दूसरे को पुष्प देकर शुभेच्छा व्यक्त की। कार्यक्रम में अनूप बागची, संजीव सेल, श्रीमती इंद्राणी नंदी, शेफाली सरकार, श्वेता विश्वास, संगीता सील गीता विश्वास एवं कुमारी देवनाथ मौजूद रहे। संस्था के बारे में डॉ संजय बसाक, सुधीर मंडल, मानिक वैद्यज्ञ एवं अध्यक्ष सुबीर नंदी ने जानकारी दी।

### धाकड़ समाज सामुदायिक भवन का हुआ लोकार्पण




**भानपुरी।** भानपुरी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोनारपाल में गत दिवस धाकड़ समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच श्याम कुमारी ध्रुव व विशिष्ट अतिथि तरूण ठाकुर धाकड़ समाज संभागीय अध्यक्ष, उप सरपंच व समस्त पंचगण समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में धाकड़ समाज के समस्त संभागीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी समेत भानपुरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त धाकड़ समाज के माता, बहन, युवा, बुजर्ग शामिल रहे।

## योजना : चित्रकोट विधायक विनायक ने दी सौगात

# 19 स्कूलों के 392 बच्चों को मिली साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहंडीगुड़ा




लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धाराऊर में 19 स्कूलों के 392 बच्चों को सरस्वती साइकिल योजना के तहत आज साइकिलों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करना और उन्हें स्कूल जाने में सहूलियत प्रदान करना है।

इस पहल से बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ेगा और वे नियमित रूप से विद्यालय आ सकेंगे, जिससे उनकी पढ़ाई में कोई कमी न रहे। विद्यालय प्रशासन और स्थानीय प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित किया गया कि सभी बच्चों को साइकिल का लाभ मिले, जिससे उनका शैक्षणिक विकास और बेहतर हो सके। इस योजना के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी उपस्थितों ने सराहना की और शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह की पहलों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, पूर्व विधायक लच्छू राम कश्यप, मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य पदमा कश्यप, जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल, जनपद सदस्य चन्द्रभान कश्यप, जनपद सदस्य बसंत कश्यप, जिला मंत्री बाबुल नाग, नरेश कापडे, मंगतुराम कश्यप, शिवनंदन पेगड, विनय मौर्य, भरत कश्यप, सिताराम दामुधर कश्यप, सुकडू राम, कृष्ण ठाकुर, गुनु ठाकुर, नरेश, बुधराम बघेल, घनपति ठाकुर एवं अन्य शिक्षा विभाग के शिक्षकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

### परपा लोहण्डीगुड़ा बड़ेकिलेपाल और कोलेंग में बनेगी महतारी सदन



**दरभा।** चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के परपा लोहण्डीगुड़ा, बड़ेकिलेपाल और कोलेंग में समूह से जुड़े माता-बहनों के लिए महतारी सदन की सौगात दी है। प्रदेश सरकार माता-बहनों को गांव में ही रोजगार प्रदान करने का काम कर रहीं हैं, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा महिलाओं को रोजगार के साथ जोड़ने के लिए नई योजना की शुरूआत की गई है, और इस योजना का नाम महतारी सदन योजना है। इस योजना में सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में महतारी सदन बनाने की घोषणा की है। चित्रकोट विधायक ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार लगातार आगे बढ़ रही है, और इस योजना के तहत गांव की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान कर सशक्त करना चाहती है। महतारी सदन सर्व सुविधायुक्त होगा, जिसमें महिलाओं के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

# 241 बस्तरिया बटालियन ने मनाया शहीद दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

241 बस्तरिया बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के प्रांगण में 21 अक्टूबर को पुलिस शहीद दिवस मनाया गया। विदित हो कि 21 अक्टूबर 1959 में भारत चीन सीमा पर देश की रक्षा करते हुए सीआरपीएफ के 10 जवानों ने अपनी शहादत दी थी। जिसके उपलक्ष्य में शहीदों की याद में सभी पुलिस बलों एवं सशस्त्र बलों में यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर बटालियन में उपस्थित हरविंदर सिंह कमांडेंट ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होनें कहा हमारे बल के लिए यह गौरव की बात है कि हमारे इन निर्भीक और पराक्रमी जवानों के बलिदान को राष्ट्रीय स्तर पर पुलिस शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह बल बहादुरों का बल है। जिन्होंने समय- समय पर अपनी वीर गाथाओं से बल के इतिहास और वर्तमान को समृद्ध किया है। इस अवसर पर नीरज पवार सहायक कमांडेंट, निरीक्षक अशोक कुमार अधिनस्थ अधिकारी तथा जवान उपस्थित रहे।

## 4 प्रधान आरक्षकों को सहायक उप निरीक्षक के पद पर दी गई पदोन्नति



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सोमवार को चार प्रधान आरक्षकों को सहायक उप निरीक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति मिलने से स्टार सेरेमनी आयोजित कर पदोन्नत किया गया। प्रधान आरक्षक श्यामलाल चन्द्रकार, महिला प्रधान आरक्षक कोमलता साहू, प्रधान आरक्षक दिनेश साहू, प्रधान आरक्षक लखनलाल यादव सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए है। पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, अति . पुलिस अधीक्षक चन्द्रकांत गवर्ना, उप पुलिस अधीक्षक तुलसी राम लेकाम द्वारा सभी प्रधान आरक्षकों को कंधे में स्टार लगाकार, कैप पहनाकर सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण कर बधाई दी।

### विजया के महिला आयोग अध्यक्ष बनने से देश की आधी आबादी को मिलेगा न्याय



**छिंदगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने राष्ट्रीय महिला आयोग के अध्यक्ष के पद पर विजया रहाटकर की नियुक्ति को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विजया रहाटकर के राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष की नियुक्ति से देश की आधी आबादी को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान भाजपा की सह प्रभारी विजया रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, रहाटकर ने, न केवल राजस्थान बीजेपी के सह प्रभारी बल्कि महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्ष के रूप में भी एक अलग पहचान बनाई है। यही कारण है कि उन्हें राष्ट्रीय महिला आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है।

# भगवान श्रीहरि विष्णु की निकाली गई प्रभात फेरी





हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

गीदम नगर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्तिक मास में प्रतिदिन नगरवासियों, भक्तगणों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही है।

इस दौरान भगवान श्री हरि नारायण विष्णु की झांकी लिए बाजे-गाजे के साथ बड़ी संख्या में भक्तगण प्रभात फेरी में शामिल हो रहे है। प्रभात फेरी प्रतिदिन बाबा रामदेव मन्दिर से सुबह 5 बजे शुरू होकर नगर के विभिन्न वार्डों आशुतोष शिव मन्दिर, पीडब्ल्यूडी पारा स्थित शिव मंदिर व विभिन्न मंदिरों से होकर गुजरती है, जिसके बाद वापस बाबा मंदिर पहुंचती है। बाबा रामदेव मन्दिर के पुजारी बजरंगदास संत ने बताया कि कार्तिक मास के शुरूआत होते ही प्रतिदिन सुबह श्री हरि की झांकी लिए ढोल-बाजे के साथ प्रभात फेरी निकाली जाती है। इससे पूर्व सुबह 4 बजे बाबा मन्दिर में पूजा-अर्चना व 5 बजे प्रभात फेरी के बाद 7 बजे आरती का आयोजन कर पूजा का समापन किया जाता है। नगर की महिलाएं इस प्रभात फेरी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। मान्यता है कि कार्तिक मास के समय भगवान श्री हरि विष्णु का जल में निवास होता है, इसलिए कार्तिक मास में सुबह जल्दी उठकर नहाने का भी अत्यधिक महत्व है।

■ **बड़ी संख्या में भक्तगण हो रहे शामिल**

इस पूरे धार्मिक आयोजन का समापन कार्तिक पूर्णिमा पर होगा। गौरतलब है कि नगर में प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास पर यह आयोजन किए जाते है, जहां बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल होते है।

## बटालियन ने सेड़वा में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



241 बस्तरिया बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों द्वारा रविवार को सेड़वा मुख्यालय में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। जहां, पर्यावरण का रखें ध्यान तभी बनेगा भारत महान, के नाम पर जवानों द्वारा पौधों को रोपित किया गया।

साथ ही संकल्प लिया कि जब तक वे इस कैम्प में रहेंगे, तब तक इन पौधों का देखभाल करेंगे। इस अवसर पर हरविंदर सिंह कमाडेंट, नीरज पवार सहायक कमाडेंट एवं उपस्थित अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कमाडेंट हरविन्दर सिंह ने जवानों को सम्बोधित करते कहा कि पर्यावरण के प्रति प्रेम की भावना को जागृत करना हैं,पौधे ही पर्यावरण के रक्षक होने के साथ पर्यावरण को स्वच्छ भी बनाते हैं। इसके बिना कोई भी अपने जीवन की कल्पना नहीं कर सकता। इसलिए लोगों को पौधा लगाने के लिए आगे आना चाहिए। कमांडेंट ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसका पूर्ण संरक्षण करना चाहिए, ताकि वह पौधा एक वृक्ष का रूप धारण कर सके। इसके साथ ही अधिकारियों एवं जवानों ने मिलकर पौधों का रोपण किया।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के अतिथि शिक्षक भूखे मरने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा




एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में पूर्व से नियोजित कार्यरत अतिथि शिक्षक जिन्हें तत्कालीन संचालक महोदया द्वारा अपनी अकर्मण्यता के चलते केंद्र शासन द्वारा राज्य में पदस्थ अतिथि शिक्षकों की जानकारी मांगे जाने पर निरंक जानकारी भेज कर हम लोगों को निर्दयता व क्रूरता से विद्यालय से निकालकर बेरोजगार कर दिया गया है। जो कि पिछले 8-10 वर्षों से निरंतर अपनी सेवा देकर एवं परिसर में रहकर अध्ययनरत विद्यार्थियों के देखभाल से लेकर आदिवासी विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास कर विद्यालय का नाम रोशन किये है।

भारत सरकार जनजातीय मंत्रालय राष्ट्रीय आदर्श आदिवासी छात्र शिक्षा समिति द्वारा भर्ती प्रक्रिया में अनुभव का लाभ नहीं दिया गया, ना ही किसी प्रकार की प्राथमिकता दी गई एवं छत्तीसगढ़ राज्य आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान, इंद्रावती भवन, अटल नगर, रायपुर द्वारा नियोजित अतिथि शिक्षकों के हित में किसी भी प्रकार का कार्य नहीं किया गया। भारत के अन्य राज्यों में अतिथि शिक्षकों को पहले स्थाई किया गया, शेष बचे पदों पर केंद्र ने भर्ती किया। प्रशासन के गलती के चलते हम समस्त अतिथि शिक्षक का भविष्य अंधकारमय हो गया है एवं हमारे परिवार का पालन पोषण करने में असमर्थ कर हमेशा के लिए बेरोजगार कर दिया गया है।

अपनी समस्या को लेकर संघ के सदस्यों ने राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय से मुलाकात कर अपनी समस्यायों से अवगत कराये। जिस पर मुख्यमंत्री साय ने मौखिक रूप से आश्वासन दिया कि आप समस्त एकलव्य अतिथि शिक्षकों को राज्य के शिक्षा विभाग में संविलियन कराकर आप सभी के लिए रोजगार की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए अपने सचिव पी. दयानंद एवं स्कूल शिक्षा सचिव संचालक को दूरभाष पर निर्देशित किया, अगले कैबिनेट बैठक में अतिथि शिक्षकों के संविलियन हेतु नस्ती प्रस्तुत करें। लेकिन आज छः से सात महीने बीत चुके है, हमारी नस्ती केबिनेट में प्रस्तुत नहीं की जा सकी है। मुख्यमंत्री ने दोबारा तत्काल नस्ती प्रस्तुत करने अपने सचिव दयानंद को एवं स्कूल शिक्षा सचिव को इस संबंध में तत्काल नस्ती प्रस्तुत करने निर्देशित किये। अतिथि शिक्षकों ने कहा बेरोजगारी के कारण आर्थिक, मानसिक स्थिति दिनों दिन खराब होते जा रही है। उन्हें परिवार के भरण पोषण में कठिनाई हो रही है। बेरोजगारी के कारण नव विवाहितों का परिवार टूटने के कगार पर है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अतिथि शिक्षकों के संविलियन की नस्ती को कैबिनेट बैठक में जल्द से जल्द रखने हेतु ठोस आश्वासन देकर उन्हें जीने के लिए संबल प्रदान करने आग्रह किया है।

## सुहाग की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



सुहाग की दीर्घायु के लिए नगर व आस-पास के क्षेत्र की सुहागिनों ने रविवार को करवा चौथ का व्रत रखा। महिलाओं ने व्रत रखा और पर्व को धूमधाम से मनाया। सर्वार्थसिद्धि योग में महिलाओं ने सजधज कर सोलह श्रृंगार कर चुनड़ी की साड़ी और आभूषण पहने। पहला करवा चौथ मनाने वाली नव विवाहिताओं में खासा उत्साह देखा गया। शाम को चांद निकलने से पहले महिलाओं ने पूजा-अर्चना की और चंद्र दर्शन के बाद सुहागिनों ने अर्घ्य देकर व्रत खोला। वहीं बड़ों का आशीर्वाद लिया। चन्द्रोदय होने पर महिलाओं ने चलनी से चांद के दर्शन किए। पति के हाथों से जल और मिठाई ग्रहण कर व्रत खोला। पतियों ने पत्नी को उपहार दिए। इससे पूर्व चौथ माता की पूजा की और चौथमाता की कथा सुनी। बायना कल्प कर सुहाग के सामान घर के सदस्यों को दिए।

## बोजराजगुड़ा, संथालपारा और कोतरा स्कूल में बच्चों को कराया न्योता भोज

# न्योता भोज कार्यक्रम से समुदाय में बढ़ रही अपनेपन की भावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्कूलों में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को गर्म और पौष्टिक भोजन परोसा गया।

इस पहल का उद्देश्य बच्चों में समानता की भावना का विकास करना और समुदाय के साथ जुड़ाव को बढ़ावा देना है। न्योता भोज कार्यक्रम के जरिए स्कूलों में बच्चों और समुदाय के बीच आपसी सहयोग और संबंधों को मजबूत किया जा रहा है, जिससे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मूल्य भी बढ़ रहे हैं। संकुल केंद्र कोंटा के अंतर्गत स्थित प्राथमिक शाला बोजराजगुड़ा में शाला विकास समिति के अध्यक्ष मुर्रम राजू ने स्कूली बच्चों को आज स्वादिष्ट भोजन कराया।

इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और सभी ने सामूहिक रूप से भोजन का आनंद लिया। इसके अलावा, प्राथमिक शाला संथालपारा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सुखराम देवांगन ने स्वयं विद्यार्थियों को न्योता भोजन परोसा। इस दौरान अधिकारी ने बच्चों के साथ समय बिताया और उनके साथ भोजन का आनंद लिया, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

इसी क्रम में, विकासखंड सुकमा के अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कोतरा में भी न्योता भोज का आयोजन किया गया। यहां न केवल स्कूली बच्चों बल्कि ग्रामीण समुदाय के लोग भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने और सभी ने साथ में भोजन किया।

जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मण्डावी ने इस पहल की सराहना करते हुए बताया कि न्योता भोज का मुख्य उद्देश्य समुदाय में अपनेपन की भावना का विकास करना, बच्चों में पोषक भोजन के महत्व को समझाना और सभी वर्गों के बच्चों में समानता की भावना को मजबूत करना है।

उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से स्वैच्छिक कार्यक्रम है, जिसमें समुदाय के लोग या सामाजिक संगठन स्कूली बच्चों के लिए भोजन या खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411